प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

08.05.2025/प्रादेशिक समाचार/1500बजे

सरकार–सर्वदलीय बैठक

ऑपरेशन सिंदूर पर आज नई दिल्ली में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सभी राजनीतिक दलों ने आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई की प्रशंसा की है और एकमत से अपना समर्थन व्यक्त किया है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में संसद में हुई इस बैठक में विभिन्न दलों के दर्जन भर से ज्यादा नेता शामिल हुए। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू–कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले के बारे में उन्हें जानकारी दी। मीडिया से बात करते हुए संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक को रचनात्मक बताया और कहा कि हर नेता ने देश के सामने मौजूदा चुनौती को समझते हुए जिम्मेदारीपूर्वक अपने विचार प्रकट किये। उन्होंने कहा कि पार्टी लाइन से हटकर नेताओं ने कहा कि यह समय राजनीति करने का नहीं है।

कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि उन्होंने सरकार को अपना पूरा समर्थन दिया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी ऐसे ही विचार प्रकट किये।

ए.आई.एम.आई.एम. नेता अस्सदुद्दीन औवेसी ने भी ऑपरेशन सिंदूर के लिए सरकार और सशस्त्र सेनाओं की सराहना की है। उन्होंने सुझाव दिया कि द रेजिस्टेंट फोर्स टीआरएफ के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय अभियान चलाया जाना चाहिए और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और अमरीका को इसे आतंकी संगठन घोषित किया जाना चाहिए। गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, राज्यसभा में सदन के नेता और भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, राज्यसभा में विपक्ष के नेता व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत कई नेता बैठक में शामिल हुए।

रैडक्रॉस

आज विश्व रैडक्रॉस दिवस है। इस वर्ष का विषय है–मानवता को जीवित रखना, जो हमें यह संदेश देता है कि जरूरतमंदों और पीड़ितों की मदद करना न केवल एक सामाजिक दायित्व है, बल्कि हमारी मानवीय संवेदना का प्रमाण भी है। विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर आज शिमला में बच्चों और रेडक्रॉस स्वयंसेवकों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को रेडक्रॉस के स्टिकर भेंट किए। मुख्यमंत्री ने रेडक्रॉस कोष में योगदान दिया और लोगों से भी इस कोष में उदारतापूर्वक अंशदान का आह्वान किया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि रेडक्रॉस स्वयंसेवक मानवीय कल्याण के लिए बिना किसी लाभ के सदैव ही सराहनीय कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि आज का दिन विश्व भर के रेडक्रॉस स्वयंसेवकों के अथक प्रयासों को स्मरण करने व उनकी सेवाओं के

प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेडक्रॉस स्वयंसेवक आपदा प्रभावितों को समय पर राहत सामग्री उपलब्ध करवाने और मुश्किल समय में उम्मीद की नई किरण भी प्रदान करते हैं।

....

नरेश चौहान

मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर से भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों को नष्ट किया है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सेना के इस ऑपरेशन पर पूरा देश गौरवान्वित है। नरेश चौहान ने कहा कि पूरा देश एकजुट है और कांग्रेस पार्टी केंद्र के फैसले के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए हैं और ताजा हालातों को देखते हुए हिमाचल में स्वास्थ्य विभाग ने एसओपी जारी की है जिसके तहत लंबी छुटियों पर रोक लगा दी गई है।

....

चंद्र कुमार

प्रदेश सरकार किसानों, बागवानों तथा पशुपालकों के उत्थान के लिए प्रयासरत है, इसके लिए सरकार द्वारा अनेको कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है ताकि प्रदेश का किसान आर्थिक रूप से समृद्ध हो सके। यह जानकारी देते हुए कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कल सिरमौर जिला के राजगढ़ में कृषि विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय किसान मेला के दौरान उपस्थित किसान–बागवानों को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने किसानों से कहा कि वह पारंपरिक खेती के साथ–साथ नकदी फसलों का भी उत्पादन करें ताकि उनकी आर्थिकी सुदृढ हो सके।

....